संख्या 31011/2/2024–सतर्कता
भा.वा.अ.शि.प–वन अनुसंधान संस्थान,
डाकघर न्यू फारेस्ट देहरादून।

आई.टी. एवं जी.आई.एस. शाखा
संख्या 3600
दिनांक 15/10/2024
भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान,देहरादून

दिनांक 14 अक्तूबर, 2024.

परिपत्र

भा.वा.अ.शि.प–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 28 अक्तूबर, 2024 से 03 नवम्बर, 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कार्यक्रम का संचालन निम्नानुसार होगा :–

| दिनांक एवं समय | कार्यक्रम | प्रस्तावित स्थान |
|---|---|---|
| 28.10.2024<br>प्रातः 11:00 बजे | शुभारम्भ शपथग्रहण समारोह | दीक्षान्त गृह<br>(Convocation Hall) |
| 29.10.2024<br>प्रात 11:00 बजे<br>से 12:00 बजे | निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन | दीक्षान्त गृह<br>(Convocation Hall) |
| 30.10.2024<br>सायं 3:00 बजे<br>से 4:00 बजे | संगठन की प्रणाली और प्रक्रियाएं (System and procedures of the organisation) पर कार्यशाला जिसमें सहायकों की उपस्थिति अनिवार्य है। | विस्तार सम्मेलन कक्ष<br>(Extension Hall) |

सतर्कता जागरुकता सप्ताह का शुभारम्भ निदेशक महोदया द्वारा 28.10.2024 को प्रातः 11.00 बजे सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलवाने के साथ किया जाएगा। **अतः संस्थान के सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया जाता है कि वह सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा लेने के लिए दिनांक 28.10.2024 को प्रातः 10:45 तक दीक्षांत गृह में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों** तथा मौखिक रुप से प्रतिज्ञा लेने के पश्चात केन्द्रीय सतर्कता आयोग की वेबसाइट www.cvc.gov.in में भी ई–प्रतिज्ञा रिकार्ड करें, तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को केन्द्रीय सतर्कता आयोग की उपरोक्त वेबसाइट के माध्यम से सत्यनिष्ठा की ई–प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रेरित करें।

कुलसचिव, वन अनुसंधान संस्थान समविश्वविद्यालय से भी अनुरोध है कि वह सम विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को उपरोक्त दिनांक एवं समय पर मौखिक रुप से प्रतिज्ञा दिलवाए तथा उन्हें केन्द्रीय सतर्कता आयोग की वेबसाइट www.cvc.gov.in के माध्यम से सत्यनिष्ठा की ई–प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रेरित करे ।

निबन्ध प्रतियोगिता के विजेताओं की पुरस्कार राशि उनके खातों में स्थानांतरित कर दी जाएगी। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद तथा वन अनुसंधान संस्थान देहरादून में कार्यरत इच्छुक अधिकारियों/वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, सविदा कर्मियों, शोध–विद्यार्थियों एवं वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित किया जाता है तथा जो प्रतियोगी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक हों वह अपना नाम, पद, एवं कार्यालय का नाम सतर्कता अनुभाग को दिनांक 25.10.2024 तक लिखित रुप में उपलब्ध करवा दें।

14/10/24

(आर. आनन्द)
**सतर्कता अधिकारी,**
भा.वा.अ.शि.प– वन अनुसंधान संस्थान।

Circulate

1. मुख्य सतर्कता अधिकारी, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद को इस अनुरोध के साथ कि वह भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के सभी अधिकारियों/वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों, संविदा कर्मियों एवं शोध–विद्यार्थियों में इस परिपत्र को परिचालित कर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतियोगियों के नाम इस कार्यालय को दिनांक 25.10.2024 तक उपलब्ध करवाएं।
2. सचिव, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद को इस अनुरोध के साथ कि वह भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के सभी अधिकारियों/वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों, संविदा कर्मियों एवं शोध–विद्यार्थियों में इस परिपत्र को परिचालित कर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतियोगियों के नाम इस कार्यालय को दिनांक 25.10.2024 तक उपलब्ध करवाएं।
3. सभी प्रभाग प्रमुख/अनुभाग प्रमुख, वन अनुसंधान संस्थान को इस अनुरोध के साथ कि वह इस परिपत्र को अपने प्रभाग/अनुभाग के सभी अधिकारियों/वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, संविदा कर्मियों एवं शोध–विद्यार्थियों आदि में परिचालित करें तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतियोगियों के नाम इस कार्यालय को दिनांक 25.10.2024 तक उपलब्ध करवाएं। उनसे यह भी अनुरोध है कि वह उनके अधीनस्थ कार्य कर रहे समस्त अधिकारियों/वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, संविदा कर्मियों एवं शोध–विद्यार्थियों तथा उनके परिवारजनों द्वारा रिकार्ड की गई ई–प्रतिज्ञा की सूचना इस कार्यालय को निम्नलिखित प्रारुप में दिनांक 01.11.2024 तक उपलब्ध कराएंः–

| कर्मचारियों की कुल संख्या जिन्होंने ई–प्रतिज्ञा ली है | परिवार के सदस्यों की कुल सं0 जिन्होंने ई–प्रतिज्ञा ली है |
|---|---|
| | |

4. कुलसचिव, वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय, देहरादून को इस अनुरोध के साथ कि वह विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों/वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, संविदा कर्मियों एवं विद्यार्थियों में इस परिपत्र को परिचालित करें तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतियोगियों के नाम इस कार्यालय को दिनांक 25.10.2024 तक उपलब्ध करवाएं। उनसे यह भी अनुरोध है कि वह सभी अधिकारियों/वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, संविदा कर्मियों एवं विद्यार्थियों व उनके परिवार के सदस्यों द्वारा रिकार्ड की गई सत्यनिष्ठा की ई–प्रतिज्ञा की सूचना अलग अलग प्रपत्र में दिनांक 01.11.2024 तक इस कार्यालय को उपलब्ध करवाए जिससे इसकी सूचना मुख्य सतर्कता अधिकारी को समय से दी जा सके।

(i)

| कर्मचारियों की कुल संख्या जिन्होंने ई–प्रतिज्ञा ली है | परिवार के सदस्यों की कुल सं0 जिन्होंने ई–प्रतिज्ञा ली है |
|---|---|
| | |

(ii)

| विद्यार्थियों की कुल संख्या जिन्होंने ई–प्रतिज्ञा ली है | विद्यार्थियों के परिवार के सदस्यों की कुल सं0 जिन्होंने ई–प्रतिज्ञा ली है |
|---|---|
| | |

5. प्रमुख, भा.वा.अ.शि.प–पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र, प्रयागराज को मुख्य सतर्कता अधिकारी, भा0वा0अ0 एवं शि0 परिषद के पत्र संख्या III/3/2024/मु.स.अ./भा.वा.अ.शि.प. दिनांक 01.10.2024 तथा साथ में अवर सचिव, सतर्कता प्रभाग, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग, नई दिल्ली के पत्र संख्या 18014/02/2024–AVU दिनांक 01.09.2024। आपसे अनुरोध है कि वह उनके अधीनस्थ कार्य कर रहे समस्त अधिकारियों/वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, संविदा कर्मियों एवं शोध–विद्यार्थियों को उपरोक्त दिनांक 28.10.2024 को प्रातः 11:00 बजे शपथ दिलवाएँ तथा उनके द्वारा मौखिक रुप से शपथ लेने के पश्चात उन्हें एवं उनके परिवारजनों को आयोग की वेबसाईट पर ई–प्रतिज्ञा रिकार्ड करने के प्रेरित करे तथा उनके द्वारा रिकार्ड की गई ई–प्रतिज्ञा की सूचना निम्नलिखित प्रारुप में इस कार्यालय को दिनांक 01.11.2024 तक उपलब्ध कराएंः–

| कर्मचारियों की कुल संख्या जिन्होंने ई–प्रतिज्ञा ली है | परिवार के सदस्यों की कुल सं0 जिन्होंने ई–प्रतिज्ञा ली है |
|---|---|
| | |